कार्यालय नगर पालिका परिषद बडौत (बागपत)

पत्रांक 152 / 2021–2022 / मुख्य कार्यालय दिनांक २४/०९/२०२१

"सार्वजनिक सूचना"

जैसा कि आप सभी अवगत ही है वर्षा ऋतु मे मुख्य मार्ग पर जलभराव का मुख्य कारण नाला / नालियो पर किया गया अतिक्रमण है, उसके कारण पालिका प्रशासन की छवि धूमिल होती है तथा आम जनता को काफी परेशानियो का सामना करना पडता है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिन व्यक्तियो / दुकानदारों द्वारा नाला / नालियो एंव अन्य पालिका सम्पत्तियो पर अतिक्रमण कर लिया गया है वह दिनांक 15–10–2021 तक हटा ले अन्यथा पालिका द्वारा अपने संसाधनो से हटवाया जायेगा तथा उसका हर्जा–खर्चा भी सम्बन्धित से वसूल किया जायेगा। आवश्यकतानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध थाना बडौत मे प्राथमिकी भी दर्ज करायी जायेगी।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि किसी भी दशा मे प्रतिबन्धित पॉलिथीन एंव प्लास्टिक का प्रयोग न करें और न ही नाले–नालियो मे फैंके। यदि पालिका टीम को कोई व्यक्ति / विक्रेता ऐसा करता हुआ पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये रूपये 25000 / –तक का जुर्माना वसूल किया जायेगा।

तदानुसार सूचित हो। आज्ञा से

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बडौत

प्रतिलिपिः–निम्न की सेवा मे सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय बागपत।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) / प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0) महोदय बागपत।
3. उपजिलाधिकारी महोदय बडौत।
4. पुलिस क्षेत्राधिकारी महोदय बडौत।
5. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बडौत।
6. सम्पादक दैनिक अमर उजाला / दैनिक जागरण / दैनिक हिन्दुस्तान / दैनिक जनवाणी समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को कम से कम स्पेस मे प्रकाशित कर अपना बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे।
7. श्री सुशील कुमार शर्मा, सफाई एंव खाद्य निरीक्षक का इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त सूचना को दिनांक 15–10–2021 तक नियमित एनाउन्समेन्ट करायें तथा साक्ष्य सहित आख्या प्रस्तुत करे।
8. सम्पत्ति प्रभारी / सम्पत्ति लिपिक को इस निर्देश के साथ कि दिनांक 15–10–2021 तक समस्त अतिक्रमणो को चिन्हित करे तथा अतिक्रमण के स्थान को लाल रंग से पेंट से क्रास (×) लगाये। आवश्यकतानुसार कर अधीक्षक / कर निरीक्षक / सफाई एंव खाद्य निरीक्षक एंव अन्य स्टॉफ का सहयोग ले।
9. श्री रिशान्त भारद्वाज सम्पत्ति लिपिक को इस निर्देश के साथ कि इस विज्ञप्ति को नगर पालिका परिषद बडौत की वेबसाइट nppbaraut.in पर अपलोड कराये।
10. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु

24.09.2021

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बडौत